चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक भास्कर | 8-2-26 | 04 | 2-6 |


### हकृवि मृदा विज्ञान विभाग के डॉ. मुकेश को मिला आईपीआई-एफएआई इंडिया पुरुस्कार

# पोटाश उपयोग से सरसों, मूंग, चने, ग्वार लोबिया और बाजरे का उत्पादन बढ़ाया

भास्कर न्यूज़ | हिसार

एचएयू के मृदा विज्ञान विभाग के डॉ. मुकेश कुमार को 'संतुलित और एकीकृत उर्वरक उपयोग' को बढ़ावा देने के लिए प्रतिष्ठित इंटरनेशनल पोटाश इंस्टीट्यूट फर्टिलाइजर एसो. ऑफ इंडिया पुरस्कार से सम्मानित किया।

यह सम्मान फर्टिलाइजर एसो. ऑफ इंडिया के वार्षिक सेमिनार के दौरान दिया गया। उर्वरक एवं रसायन मंत्रालय के सचिव डॉ. आरके मिश्रा, फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के डायरेक्टर जनरल डॉ. एसके चौधरी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने मृदा विज्ञान विभाग के वैज्ञानिकों द्वारा अर्जित की गई। पुरस्कार प्राप्त करने वाली टीम में डॉ. दिनेश तोमर, डॉ. पीके यादव, सेवानिवृत वैज्ञानिक डॉ. आभा टिक्कू एवं डॉ. एसएस यादव शामिल हैं।



हकृवि कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के साथ छात्रा पूजा व अन्य

### छात्रा पूजा का शोध फूड केमिस्ट्री में हुआ प्रकाशित

हकृवि पादप रोग विभाग की छात्रा पूजा का शोध पत्र विश्व की प्रतिष्ठित एवं उच्च प्रभावांक वाली शोध पत्रिका 'फूड केमिस्ट्री' में प्रकाशित हुआ है। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने अनुसंधान दल के सभी सदस्यों को बधाई दी। पूजा ने यह शोध कार्य पादप रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत चौहान के मार्गदर्शन में अपने स्नातकोत्तर शोध के दौरान किया।

### 20 किलोग्राम पोटाश प्रति हेक्टेयर में यूज का सुझाव

मृदा विज्ञान विभाग की टीम ने प्रमुख फसलों के लिए पोटेशियम की प्रथम स्तर की सिफारिशें विकसित की हैं। वैज्ञानिकों ने अपनी सिफारिश में बाजरा और अरहर के लिए 30 किलोग्राम पोटाश प्रति हेक्टेयर और सरसों, मूंग, लोबिया, चना और ग्वार के लिए 20 किलोग्राम पोटाश प्रति हेक्टेयर के हिसाब से उपयोग करने का सुझाव दिया है। इन तकनीकों से फसल उत्पादन में 8 से 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

### जानें... फ्यूजेरियम से होता है सड़न रोग

पूजा का शोध आलू में फ्यूजेरियम नामक कवक से होने वाले सड़न रोग पर केंद्रित रहा, जो हरियाणा की परिस्थितियों में पहली बार वैज्ञानिक रूप से अध्ययन किया गया है। यह रोग विशेषकर कोल्ड स्टोरेज के दौरान गंभीर स्थिति में लगभग 60 प्रतिशत तक नुकसान पहुंचा सकता है। शोध के दौरान आलू के नमूने हरियाणा के प्रमुख आलू उत्पादक क्षेत्रों से एकत्रित किए गए। साथ ही इस रोग के प्रभावी नियंत्रण के उपायों पर भी विस्तृत अध्ययन किया गया। शोध में विभिन्न लाभकारी सूक्ष्म जीवों एवं कृषि अवशिष्ट पदार्थों के अवयवों के प्रयोग किए गए, जिनके परिणाम रोग नियंत्रण में अत्यंत संतोषजनक पाए गए।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 8-2-26 | 04 | 5-6 |

# हकृवि के मृदा विज्ञान विभाग से डॉ. मुकेश आई.पी.आई.-एफ.ए.आई. पुरस्कार से सम्मानित



कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज डॉ. मुकेश कुमार को सम्मानित करते हुए।

हिसार, 7 फरवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग के डॉ. मुकेश कुमार को 'संतुलित और एकीकृत उर्वरक उपयोग' को बढ़ावा देने के लिए प्रतिष्ठित इंटरनैशनल पोटाश इंस्टीट्यूट -फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वार्षिक सेमिनार के दौरान दिया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने मृदा विज्ञान विभाग के वैज्ञानिकों द्वारा अर्जित की गई इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है।

पुरस्कार प्राप्त करने वाली टीम में डॉ. दिनेश तोमर, डॉ.पी.के. यादव, सेवानिवृत वैज्ञानिक डॉ. आभा टिक्कू एवं डॉ. एस.एस. यादव शामिल हैं। मृदा विज्ञान विभाग की टीम ने प्रमुख फसलों के लिए पोटेशियम की प्रथम स्तर की सिफारिशें विकसित की हैं, जो विश्वविद्यालय की समग्र सिफारिशों में शामिल हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 8-2-26 | 04 | 08 |

## हकृवि के डा. मुकेश आइपीआइ-एफएआइ पुरस्कार से सम्मानित

जासं • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग के डा. मुकेश कुमार को संतुलित और एकीकृत उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिष्ठित इंटरनेशनल पोटाश इंस्टीट्यूट -फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान फर्टिलाइजर एसोसिएशन आफ इंडिया के वार्षिक सेमिनार के दौरान दिया गया। सेमिनार में उर्वरक एवं रसायन मंत्रालय के सचिव डा. आरके मिश्रा, फर्टिलाइजर एसोसिएशन आफ इंडिया के डायरेक्टर जनरल डा. एसके चौधरी उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है। पुरस्कार प्राप्त करने वाली टीम में डा. दिनेश तोमर, डा पीके यादव, सेवानिवृत वैज्ञानिक डा. आभा टिक्कू एवं डा. एसएस यादव शामिल हैं। मृदा विज्ञान विभाग की टीम ने प्रमुख फसलों के लिए पोटेशियम की प्रथम स्तर की सिफारिशें विकसित की हैं, जो विश्वविद्यालय की समग्र सिफारिशों में शामिल हैं। वैज्ञानिकों ने अपनी सिफारिश में बाजरा और अरहर के लिए 30 किलोग्राम पोटाश प्रति हेक्टेयर तथा सरसों, मूंग, लोबिया, चना और ग्वार के लिए 20 किलोग्राम पोटाश प्रति हेक्टेयर के हिसाब से उपयोग करने का सुझाव दिया है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि-भूमि | 8-2-26 | 11 | 1 |

## डॉ. मुकेश एफएआई पुरस्कार से सम्मानित

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग के डॉ. मुकेश कुमार को 'संतुलित और एकीकृत उर्वरक उपयोग' को बढ़ावा देने के लिए प्रतिष्ठित इंटरनेशनल पोटाश इंस्टीट्यूट-फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वार्षिक सेमिनार के दौरान दिया गया। सेमिनार में उर्वरक एवं रसायन मंत्रालय के सचिव डॉ. आरके मिश्रा, फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के डायरेक्टर जनरल डॉ. एसके चौधरी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने मृदा विज्ञान विभाग के वैज्ञानिकों द्वारा अर्जित की गई इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स न्यूज | 07.02.2026 | -- | -- |

# हकृवि के मृदा विज्ञान विभाग से डॉ. मुकेश आईपीआई-एफएआई पुरस्कार से सम्मानित

**चिराग टाइम्स न्यूज**

**हिसार, ।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग के डॉ. मुकेश कुमार को 'संतुलित और एकीकृत उर्वरक उपयोग' को बढ़ावा देने के लिए प्रतिष्ठित इंटरनेशनल पोटाश इंस्टीट्यूट -फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वार्षिक सेमिनार के दौरान दिया गया । सेमिनार में उर्वरक एवं रसायन मंत्रालय के सचिव डॉ. आरके मिश्रा, फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के डायरेक्टर जनरल डॉ. एसके चौधरी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने मृदा विज्ञान विभाग के वैज्ञानिकों द्वारा अर्जित की गई इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है।



पुरस्कार प्राप्त करने वाली टीम में डॉ. दिनेश तोमर, डॉ पीके यादव, सेवानिवृत्त वैज्ञानिक डॉ. आभा टिकू एवं डॉ. एसएस यादव शामिल हैं। मृदा विज्ञान विभाग की टीम ने प्रमुख फसलों के लिए पोटेशियम की प्रथम स्तर की सिफारिशें विकसित की हैं, जो विश्वविद्यालय की समग्र सिफारिशों में शामिल हैं।

वैज्ञानिकों ने अपनी सिफारिश में बाजरा और अरहर के लिए 30 किलोग्राम पोटाश प्रति हेक्टेयर तथा सरसों, मूंग, लोबिया, चना और ग्वार के लिए 20 किलोग्राम पोटाश प्रति हेक्टेयर के हिसाब से उपयोग करने का सुझाव दिया है। इन तकनीकों से फसल उत्पादन में 8 से 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई तथा मृदा की पोटाश उपलब्धता में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 07.02.2026 | -- | -- |

# हकृवि के मृदा विज्ञान विभाग से डॉ. मुकेश आईपीआई-एफएआई पुरस्कार से सम्मानित

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग के डॉ. मुकेश कुमार को 'संतुलित और एकीकृत उर्वरक उपयोग' को बढ़ावा देने के लिए प्रतिष्ठित इंटरनेशनल पोटाश इंस्टीट्यूट -फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वार्षिक सेमिनार के दौरान दिया गया । सेमिनार में उर्वरक एवं रसायन मंत्रालय के सचिव डॉ. आरके मिश्रा, फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के डायरेक्टर जनरल डॉ. एसके चौधरी उपस्थित रहे।



कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज डॉ. मुकेश कुमार को सम्मानित करते हुए।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने मृदा विज्ञान विभाग के वैज्ञानिकों द्वारा अर्जित उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है।

पुरस्कार प्राप्त करने वाली टीम में डॉ. दिनेश तोमर, डॉ पीके यादव, सेवानिवृत वैज्ञानिक डॉ. आभा टिक्कू एवं डॉ. एसएस यादव शामिल हैं। मृदा विज्ञान विभाग की टीम ने प्रमुख फसलों के लिए पोटेशियम की प्रथम स्तर की सिफारिशें विकसित की हैं, जो विश्वविद्यालय की समग्र सिफारिशों में शामिल हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 8-2-26 | 04 | 01 |

## हकृवि में राष्ट्रीय गणित दिवस पर कार्यक्रम नौ को

जासं • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में हरियाणा राज्य विज्ञान नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में 9 फरवरी को एक समारोह आयोजित किया जाएगा। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में गणित एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि तथा संयुक्त राष्ट्र कार्यालय में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी सलाहकार डा. रमेश कुमार जालान मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहेंगे। अधिष्ठाता डा. राजेश गेरा ने बताया कि कार्यक्रम में प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 8-2-26 | 05 | 01 |

## हकृवि में राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम 9 फरवरी को

हिसार| हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में हरियाणा राज्य विज्ञान नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में 9 फरवरी को एक समारोह आयोजित किया जाएगा। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में गणित एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि जबकि संयुक्त राष्ट्र कार्यालय में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी सलाहकार डॉ. रमेश कुमार जालान मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहेंगे।

**चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय**

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि- भूमि | 8-2-26 | 12 | 7-8 |

## राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम कल

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में हरियाणा राज्य विज्ञान नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में एक समारोह आयोजित किया जाएगा। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में गणित एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज मुख्य अतिथि होंगे जबकि संयुक्त राष्ट्र कार्यालय में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी सलाहकार डॉ रमेश कुमार जालान मुख्य वक्ता रहेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 8-2-26 | 10 | 01 |

## हकृवि में राष्ट्रीय गणित दिवस पर कार्यक्रम कल

हिसार (हप्र) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में हरियाणा राज्य विज्ञान नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में 9 फरवरी को एक समारोह आयोजित किया जाएगा। गणित एवं सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. ओपी श्योराण ने यह जानकारी दी।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 07.02.2026 | -- | -- |

# हकृवि में राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम 9 को

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में हरियाणा राज्य विज्ञान नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में एक समारोह आयोजित किया जाएगा। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में गणित एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि जबकि संयुक्त राष्ट्र कार्यालय में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी सलाहकार डॉ रमेश कुमार जालान मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहेंगे। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा ने बताया कि गणित दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रश्नोतरी, भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

गणित एवं सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. ओपी श्योराण ने बताया कि महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की 138 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले इस कार्यक्रम का विषय इनसाइटस, इन्नोवेशन एंड इंटरैक्टिव लर्निंग रखा गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है।